आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–18 मई 2026 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ में हुई कैबिनेट बैठक में लखनऊ मेट्रो के विस्तार सहित बारह महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है। एक रिपोर्ट–

आज हुई कैबिनेट बैठक में लखनऊ मेट्रो फेज–1 बी ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर–चारबाग से बसंतकुंज परियोजना के लिए एमओयू को स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में आगरा मेट्रो रेल कॉरिडोर–2 में आगरा कैन्ट से कालिन्दी विहार तक मेट्रो स्टेशन निर्माण के लिए भूमि हस्तान्तरण के लिए के प्रस्ताव को भी सहमति दी गयी। बैठक में पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को भी मंजूरी दे दी गयी। बैठक में लखनऊ के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नये परिसर में एक हजार दस बेड का मल्टि स्पेशियलिटी इमरजेंसी सेंटर अस्पताल, शिक्षण ब्लॉक तथा नये आपीडी ब्लॉक के निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गयी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में एक निजी मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने में सफल हुआ है। प्रदेश में मजबूत नेटवर्क आधार तैयार किया गया है और आज रोड कनेक्टिविटी के क्षेत्र में यूपी ने नई पहचान स्थापित किया है।

अगर देश के अंदर आपको इन्फ्रास्ट्रक्चर में टॉप–2 राज्यों का चयन करना होगा तो उसमें से यूपी एक होगा। एक्सप्रेस–वे देश के अंदर जितने भी बन रहे हैं। उन एक्सप्रेस–वे में साठ फीसदी एक्सप्रेस–वे यूपी के अंदर बने हैं। इंटर स्टेट कनेक्टिविटी फोर लेन की है।

****

स्वीडन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल अपने यहां के सर्वोच्च सम्मान 'रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार कमांडर ग्रैंड क्रॉस' से सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि स्वीडन का सर्वोच्च पुरस्कार मिलना सिर्फ उनका सम्मान नहीं, बल्कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

यह स्वीडन के हमारे उन सभी साथियों को भी सम्मान है, जिन्होंने भारत–स्वीडन सम्बन्धों को समृद्ध किया, एक मजबूत आधार दिया।

स्वीडन में मिला सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब तक मिला यह 31वां वैश्विक सम्मान है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की इकतीस तारीख को 'आकाशवाणी' से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौंतीसवीं कड़ी होगी। श्रोता टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य–एक एक–सात आठ शून्य शून्य पर इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं।

****

प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर थाना क्षेत्र में आज सुबह एक ट्रक और एक वैन की टक्कर में दस लोगों की मौत हो गई। यह हादसा जिला मुख्यालय से चालीस किलोमीटर दूर पीलीभीत–बस्ती राजमार्ग पर अदालीसपुर गांव के पास हुआ।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सड़क दुर्घटना में हुई जान–माल की हानि पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजन को दो–दो लाख रुपये और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सभी मृतकों के परिजनों के लिए चार–चार लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है।

****

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज वाराणसी में कहा कि देश में पेट्रोल और गैस की कोई कमी नहीं है। केन्द्र सरकार वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हरसंभव कदम उठा रही है। वाराणसी के जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति–दिशा की बैठक की अध्यक्षता के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पुरी ने देशवासियों को ईंधन की उपलब्धता के प्रति पुनः आश्वस्त किया। दिशा की बैठक के दौरान उन्होंने वाराणसी के विभिन्न विभागों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

उसका एक इस्टेटस रिपोर्ट दिया, ये इस्टेटस रिपोर्ट जो है एक सौ बीस पेज की है, जिसमें सारी योजना में इंप्लिमेंटेश कितनी हुयी, जहां कुछ कमी है उस पे चर्चा हुयी।

****

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की, जबकि न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना जतायी है। विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में कल से लेकर इक्कीस मई तक दिन के समय में कुछ स्थानों पर तेज लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस बीच, पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित इसके आसपास के लगभग सभी जिलों में आज दिन में तेज धूप, भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित रहा।

****